# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली

पत्रांक : एस.एस.ए./ के.जी.बी.वी./1508/2018-19 दिनांक :- 06.08.2018

## विज्ञापन

सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्रांक - के.जी.बी.वी. 3-2/8688/2015-16 दिनांक 18.03.2016 के क्रम में जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर स्टाफ के चयन हेतु 01 वर्ष के लिए संविदा पर इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, विकास भवन, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निम्नविवरण के अनुसार 20.08.2018 सायं 05.00 बजे तक निम्नलिखित पदों पर निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम | पदनाम | पदों की संख्या | आरक्षण | | | शैक्षिक योग्यता | आयु सीमा 01.07.18 को | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु. जा. | | | |
| | पूर्ण कालिक शिक्षक | 14 | 11 | 00 | 03 | | 25-45 | 20000 |
| 1 | गणित | 04 | 03 | 0 | 01 | गणित विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 20000 |
| 2 | विज्ञान | 04 | 03 | 0 | 01 | विज्ञान विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 20000 |
| 3 | शारीरिक शिक्षा | 02 | 01 | 0 | 01 | शारीरिक शिक्षा, खेल, योगासन, स्काउटिंग एवं गाईडिंग तथा नैतिक शिक्षा विषय के साथ स्नातक एवं बी.पी.एड./ सी.पी.एड./डी.पी.एड. उत्तीर्ण | 25-45 | 20000 |
| 4 | सामाजिक विषय | 01 | 01 | 0 | 0 | सामाजिक विषय (इतिहास/ भूगोल/ नागरिक शास्त्र) के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 20000 |
| 5 | कला क्राफ्ट | 01 | 01 | 0 | 0 | कला/ क्राफ्ट/ संगीत/ गृह विज्ञान विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण/ | 25-45 | 20000 |
| 6 | हिन्दी | 01 | 01 | 0 | 0 | हिन्दी/ संस्कृत विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 20000 |
| 7 | कम्प्यूटर | 01 | 01 | 0 | 0 | प्रशिक्षित स्नातक के साथ कम्प्यूटर शिक्षा के साथ पी.डी.डी.सी.ए./ बी.सी.ए./ बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस/ स्नातक सहित डोएक या समकक्ष संस्था से ओ./ए. लेवल वांछित | 25-45 | 20000 |
| | अंश कालिक शिक्षक | | | | | 25-45 | 5000 | |
| | कुल रिक्त पद | 13 | 05 | 04 | 04 | | | |
| 1 | गणित | 04 | 02 | 02 | 0 | गणित विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 5000 |
| 2 | विज्ञान | 03 | 01 | 01 | 01 | विज्ञान विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 5000 |
| 3 | शारीरिक शिक्षा | 01 | 0 | 0 | 01 | सामाजिक विषय (इतिहास/ भूगोल/ नागरिक शास्त्र) के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 5000 |
| 4 | कम्प्यूटर | 01 | 0 | 0 | 01 | प्रशिक्षित स्नातक के साथ कम्प्यूटर शिक्षा के साथ पी.जी.डी.सी.ए./ बी.सी.ए./ बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस/ स्नातक सहित डोएक या समकक्ष संस्था से ओ./ ए. लेवल वांछित | 25-45 | 5000 |
| 5 | अंग्रेजी | 04 | 02 | 01 | 01 | अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक एवं प्रशिक्षित स्नातक सहित उ.प्रा. स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण | 25-45 | 5000 |
| 6 | लेखाकार | 02 | 02 | 0 | 0 | वाणिज्य स्नातक तथा एम.एस. आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य | 25-45 | 10000 |
| 7 | मुख्य रसोइया | 02 | 02 | 0 | 0 | कक्षा 8 | 25-45 | 6500 |
| 8 | सहायक रसोइया | 01 | 1 | 0 | 0 | कक्षा 8 | 25-45 | 4500 |
| 9 | चौकीदार | 02 | 02 | 0 | 0 | कक्षा 8 | 25-45 | 5000 |
| 10 | चपरासी | 01 | 01 | 0 | 0 | कक्षा 8 | 25-45 | 5000 |

**नियम व शर्तें-**

1. शिक्षकों के पदों के लिए निर्धारित योग्यता प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड. अथवा उसके समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।
2. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र पर मोटे अक्षरों में पदनाम व विषय अंकित करना अनिवार्य होगा। स्पष्ट लिखा न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा अभ्यर्थियों के दो विषय में योग्य होने की दशा में पृथक-पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा।
3. गणित शिक्षक हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता स्नातक स्तर पर भौतिक, रसायन एवं गणित होगी। विज्ञान शिक्षक हेतु शैक्षिक योग्यता स्नातक स्तर पर जन्तु, वनस्पति एवं रसायन विज्ञान होगी। कम्प्यूटर शिक्षक हेतु प्रशिक्षित स्नातक के साथ (पी.जी.डी.सी.ए./ बी.सी.ए./ बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी.ओ.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ ए लेवल डिप्लोमा आदि) शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। कला क्राफ्ट संगीत शिक्षक हेतु स्नातक स्तर पर कला/ गृह विज्ञान अथवा संगीत होना अनिवार्य होगा। बी.पी.एड./ सी.पी.एड./ डी.पी.एड. तथा व्यायाम रत्न आदि एन.सी.टी.ई. से मान्य उपाधियां शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होगी, टी.ई.टी. अनिवार्य नहीं है।
4. मुख्य रसोइया/ सहायक रसोइया/ चपरासी/ चौकीदार हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
5. पूर्ण कालिक शिक्षक/ लेखाकार/ उर्दू शिक्षिका, अंश कालिक शिक्षक मुख्य/ सहायक रसोइया महिलाएं होगी। के पदों पर महिलाओं का ही चयन किया जायेगा।
6. पूर्ण कालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइया तथा सहायक रसोईया को विद्यालय परिसर में 24 घंटे निवास करना अनिवार्य होगा। 01 जुलाई 2018 को समस्त पदों के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
7. राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा। आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. उपरोक्त पद एक वर्ष के लिए संविदा आधारित है।
9. एक लिफाफे पर केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा, अन्य पदों पर यदि आवेदन करना चाहे तो पृथक से आवेदन कर सकता है।
10. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान, रायबरेली के पते पर दिनांक 20.08.2018 सायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार किया जायेगा।
11. पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।
12. साक्षात्कार की तिथियां बाद में प्रकाशित की जायेगी।
13. आवेदकों को समस्त अंकपत्रों/ प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा नवीनतम फोटोग्राफ स्व प्रमाणित करके आवेदन पत्र के साथ प्रेषित करना होगा तथा अंकपत्रों/ प्रमाण पत्रों को मूलरूप से साक्षात्कार के समय लाना अनिवार्य होगा।
14. साक्षात्कार में प्रत्येक पद के प्रति 5 अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम में बुलाया जायेगा।
15. प्रत्येक अवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखे हुए दो लिफाफे पंजीकृत डाक टिकट सहित संलग्न करें। आवेदन पत्र पूरी तरह भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित होना चाहिए। आधे अधूरे एवं अनर्ह आवेदन पत्रों को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
16. उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. चयन के उपरान्त पू.का.शि. को विद्यालय की स्वयं की व्यवस्था पर बालिकाओं के साथ रात्रि निवास करना होगा।
18. किसी सेवा से बर्खास्त नैतिक/ चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दीवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।
19. आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**रायबरेली**